Title: Need for proper upkeep and maintenance of roads linking National Highway − 119 and National Highway − 74 in Bijnore district, Uttar Pradesh .-Laid.

श्री मुन्शी राम (बिजनौर) : * अध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क योजना तथा प्रधानमंत्री सड़क योजना, ग्रामीण विकास सड़क योजना पर करोड़ों निधि खर्च की जाती हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के अंतर्गत आने वाले प्रमुख सड़कें जो कि दूसरे राज्य को जोड़ती हैं, आज भी इन सड़क मार्गो की हालत देश की आजादी के 57वें वर्ष होने के बाद भी ज्यों की त्यों बनी हुयी है। जिन सड़कों को 10 साल पहले बनाया जा चुका है, उन पर दुबारा अभी तक मरम्मत तथा सुधारात्मक कार्य नहीं किया गया है। जिन सड़कों की हालत खराब है, उनमें मुख्य रूप से नेशनल हाइवे-119 और एन0एच0-74 को जोडने वाले मार्ग कीरतपुर-नगीना, बिजनौर-कोतवाली मार्ग, उत्तरांचल की सीमा को जोडने वाला मार्ग नगीना-रायपुर, कोटकादर टाडामाईदास-कोटद्वार एवं नगीना-बढ़ापुर कोटद्वार मार्ग आदि सभी मार्गो की हालत जर्जर बन चुकी है, जिसके कारण वाहनों की दुर्घटनाएं और नुकसान अधिक होता है, इन्हीं मार्गों के साथ नेशनल हाइवे-74 को राजमार्ग से जोडने वाला मार्ग नगीना-नहटौर एवं नगीना हरेवली-अफजलगढ़ मार्ग पर प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना एवं सी0आर0एफ0 के माध्यम से चौड़ीकरण एवं सुधार शीघ्र किया जाये।

---

* Laid on the Table .